उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड।
तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, 19–सी, विधानसभा मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष–0522-2235752, 2235750, सी0यू0जी–9454404786
www.uppbpb.gov.in

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 से आरक्षी चालक के पद पर चयन हेतु चालन दक्षता परीक्षा के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

संख्याःपीआरपीबीःतीन–9(1)/2026 दिनांकःनवम्बर 20 ,2026

आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 से **आरक्षी चालक के 9410** रिक्त पदों पर चयन हेतु कार्यवाही बोर्ड स्तर पर प्रचलित है। **उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015** के अनुसार **पात्र 936 अभ्यर्थियों** की चालन दक्षता परीक्षा करायी जायेगी। चालन दक्षता परीक्षा विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जायेगी। बोर्ड द्वारा चालन दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची उनकी योग्यता के अनुसार जारी की जायेगी।

2– पात्र अभ्यर्थियों के विभागाध्यक्ष द्वारा निर्धारित निम्नवत चालन दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य हैः–

चालन दक्षता परीक्षा का मापदण्डः–

चालन दक्षता परीक्षा 03 भागों में करायी जायेगी।

(1) गैराजिंग टेस्टः–

ड्राइविंग दक्षता (Driving Skill) के परीक्षण के सम्बन्ध में जो अभ्यर्थी गैराजिंग करते समय गैराज की प्रतीकात्मक दीवारों/सीमाओं को स्पर्श नहीं करते हैं अथवा गैराजिंग के चिन्हों को क्षतिग्रस्त होने से बचाते हुए गैराजिंग करते हैं, उन्हें ड्राइविंग के लिए उपयुक्त (Fit) माना जायेगा। जो अभ्यर्थी गैराजिंग करते समय गैराज की प्रतीकात्मक दीवारों/सीमाओं पर वाहन चढ़ा देते हैं या उसे स्पर्श (Touch) कर देते हैं अथवा गैराजिंग के चिन्हों को क्षतिग्रस्त कर देते हैं, उन्हें ड्राइविंग के लिए दक्ष नहीं माना जायेगा। ऐसे अकुशल (Unskilled) अभ्यर्थियों को ड्राइविंग टेस्ट में अनुपयुक्त (Unfit) घोषित किया जायेगा और वे आरक्षी चालक की चयन परीक्षा से बाहर माने जायेंगे। साथ ही उसकी वीडियोग्राफी भी करायी जायेगी ।

(2) रोड ड्राइविंग टेस्टः–

गैराजिंग टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों से सड़क पर यातायात नियमों का पालन करते हुए निर्धारित गति एवं यातायात संकेतों के अनुसार वाहन चलवाया जायेगा। सही एवं सुरक्षित ढंग से वाहन चलाते हुए सफल पाये गये अभ्यर्थियों को योग्य तथा इसके विपरीत पाये जाने पर, उन्हें अयोग्य माना जायेगा।

(3) समानान्तर पार्किंग टेस्टः–(Parallel Parking Test)

गैराजिंग टेस्ट एवं रोड ड्राइविंग टेस्ट में सफल पाये गये अभ्यर्थियों का समानान्तर पार्किंग टेस्ट लिया जायेगा। समानान्तर पार्किंग दो हल्के गाड़ियों के बीच 15 फीट की दूरी के मध्य गाड़ी पार्क करना होगा तथा गाड़ी पार्क करते समय अभ्यर्थी पीछे नहीं देखेंगे।

3– आरक्षी चालक के पद पर चयन हेतु पात्र 936 अभ्यर्थियों की चालन दक्षता परीक्षा दिनांकः 07.12.2026 से 30.12.2026 तक (रविवार व राजपत्रित अवकाश को छोडकर) राज्य आपदा मोचन बल (एस0डी0आर0एफ0), नूरनगर भदरसा, तहसील सरोजनीनगर, परगना बिजनौर, उ0प्र0, लखनऊ–226002 के ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है।

चालन दक्षता परीक्षण स्थल पर पहुंचने में विलम्ब न हो इसके लिए अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश–पत्र में परीक्षा हेतु नियत तिथि को प्रातः 08:00 बजे परीक्षण स्थल पर निर्धारित वर्दी में अपनी आमद परीक्षा हेतु कराना आवश्यक है।

4– अभ्यर्थियों को चालन दक्षता परीक्षा की तिथि व समय के सम्बन्ध में सूचना प्रवेश पत्र के माध्यम से अलग से उपलब्ध करायी जायेगी। प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को उनके विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे।

नोटः–उक्त सूचना बोर्ड द्वारा मात्र अभ्यर्थियों को उनकी सुविधा हेतु चालन दक्षता परीक्षा के पूर्वाभ्यास हेतु दी जा रही है। इस सूचना का अन्यत्र किसी प्रकार के प्रयोग हेतु बोर्ड द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की जा रही है।

20/11/26

अपर सचिव (प्रोन्नति),
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।